*Phone & Fax no. 0135-2658294* *E-mail: cfshiwalik@yahoo.co.in*

# कार्यालय वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

*पत्रांक– 3262 / 12-1 दिनांक, देहरादून, 23. जून 2022*

सेवा में,

**अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी**
वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून।

**विषय :** **ऑनलाईन प्रस्ताव सं0**–FP/UK/SCH/40755/2019 **जनपद देहरादून वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश के आई0डी0पी0एल0 (वीरभद्र) परिसर कक्ष संख्या–1 में पूर्व से चल रही केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु 2.41 है0 वन भूमि हस्तान्तरण के संबंध में।**

**संदर्भ :** **आपका पत्रांक 1561**/FP/UK/SCH/40755/2019 **दिनांक 29.12.2021**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव संख्या–FP/UK/OTHERS/142130/2021 पर भारत सरकार द्वारा लगाई गई बिन्दुवार आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून के पत्रांक 4064/12–1 दि0 15.06.2022 से प्राप्त सूचना के आधार पर निम्न प्रकार प्रेषित किया जा रहा है –

| क्र0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | राज्य शासन अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 1978 में किया गया था। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह इस संबंध में अभिलेख प्रस्तुत करें। | प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि 1978 में जब केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश की शुरूआत हुई थी तब से ये आई0डी0पी0एल0 द्वारा बने हुए भवन में संचालित है, भवन का निर्माण आई0डी0पी0एल0 द्वारा करवाया गया था, परन्तु आई0डी0पी0एल0 ऋषिकेश संस्था के पूर्ण रूप से बन्द हो जाने के कारण विभाग को इससे संबंधित कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हो पाये हैं। |
| 2 | विद्यालय निर्माण हेतु जो भूमि आवंटित की गई थी, उससे संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने का कष्ट करें। | प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि तत्समय विद्यालय भवन का निर्माण 2.41 है0 में किया गया था एवं प्रारम्भ से ही विद्यालय इतनी ही भूमि में संचालित है। आई0डी0पी0एल0 संस्था के पूर्ण रूप से बन्द हो जाने के कारण विभाग को इससे संबंधित कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं हो पाये हैं। |
| 3 | यदि पहाड़ी क्षेत्र के नॉर्मस (1.62 है0) से अधिक क्षेत्र की आवश्यकता हो तो अनुरोध है, कि वह शेष भूमि हेतु गैर वन क्षेत्र का चयन करने का कष्ट करें। | प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि केन्द्रीय विद्यालय ऋषिकेश, आई0डी0पी0एल0 द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने भवन में ही संचालित है, जिसका क्षेत्रफल 2.41 है0, जिसमें विद्यालय भवन एवं खेल के मैदान का क्षेत्रफल सम्मिलित है। इस संबंध में प्रस्ताव के साथ समस्त प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए इन्हें ऑनलाईन अपलोड भी किया गया है। प्रस्तावित भूमि की भू–सर्वेक्षण रिपोर्ट भी प्रस्ताव के साथ संलग्न है, जिसमें भूमि का क्षेत्रफल 2.41 है0 बताया गया है। |

अतः कृपया प्रस्ताव की स्वीकृति के सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

( डॉ0 धीरज पाण्डेय )
मुख्य वन संरक्षक/पदेन वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।

**पत्रांक :– 3262 / 12-1 तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि** :– प्रभागीय वनाधिकारी, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को उनके उपरोक्त उल्लिखित पत्र के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

( डॉ0 धीरज पाण्डेय )
मुख्य वन संरक्षक/पदेन वन संरक्षक,
शिवालिक वृत्त, देहरादून।